# स्लाटर तक गाय कहां से पहुंची, अब तक जांच नहीं

**भोपाल, 17 जनवरी. स्लाटर हाउस को जमीन की लीज शुरू होने से टेंडर तक नगर निगम ने सभी नियमों की अनदेखी की, जिसमें लीज की गाइड लाइन, टेंडर राशि पर प्रतिवर्ष टेंडर बढ़ाना, टेंडर को एमआईसी के बाद परिषद में ना लाना जैसे कारण रहे हैं.**

दोषियों में नीचे से लेकर ऊपर तक सभी हैं, लेकिन छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर उच्च स्तर का बचाव किया गया. इससे एमआईसी, महापौर और नगर निगम के अधिकारियों की कार्यशैली भी संदेह के घेरे में है.

**एमआईसी और महापौर की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

**गौमांस के कंटेनर को छोड़ने पर घिरी पुलिस**

स्लाटर हाउस में गाय पहुंची कैसे इस पर जांच क्यों नहीं की. गौमांस के कंटेनर को सैंपल लेने के बाद छोड़ देना पुलिस संदेह के घेरे में है. राजधानी में गौमांस के पकड़े जाने के बाद से गौशाला की जांच अभी तक नगर निगम ने शुरू नहीं की है. जबकि अगर स्लाटर हाउस में गायों की हत्या की जा



रही थी. वहां तक गाय पहुंची कैसे पहुंच गई और इतनी गाय आई कहां से. शहर की पुलिस की नजर में क्यों नहीं आया. भोपाल में जितनी भी गौशालाएं और कांजी हाउस हैं, उनका संचालन नगर निगम की निगरानी में होता है. इन गायों के स्लाटर हाउस तक पहुंचने में पुलिस और नगर निगम दोनों की कार्यशैली संदेहास्पद है.

पुलिस को गौशालाओं के पिछले चार साल का रिकार्ड की जांच करना चाहिए.

नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने बताया कि नगर निगम का स्लाटर हाउस के लिए नरम रवैया रहा है, जिसमें 5 प्रतिशत टैक्स प्रतिवर्ष बढ़ाया जाना भी है. स्लाटर हाउस पर जिस टेंडर राशि पर प्रतिमाह किराये पर दिया है, उस राशि पर प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की बढोतरी होनी थी, लेकिन ऐसा न करके नगर निगम ने लीज राशि पर बढ़ाने के आदेश किए. हिंदू संगठनों ने रात्रि में मांस से भरे कंटेनर को पकड़ा और पुलिस की निगरानी में पशु चिकित्सालय तक पहुंचाया गया. वहां पर जब्त मांस के सैंपल लिए गए, उसके बाद उसे जाने दिया गया था. जबकि सैंपल की जांच रिपोर्ट आने तक कंटेनर को पुलिस की निगरानी में रखना चाहिए था.

**महापौर पर टेंडर में धांधली के लग चुके हैं आरोप**

महापौर का टेंडर में धांधली कराने का रिश्ता गहरा रहा है. इन पर पार्षद कार्यकाल में भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं. यह बात पूर्व पार्षद अमित शर्मा ने कही. उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में मैं भी पार्षद था, उस दौरान 34 पार्षदों के खिलाफ लोकायुक्त में शिकायत हुई थी. एमपी नगर जोन 2 में कंक्रीट सड़क निर्माण में टेंडर प्रक्रिया में धांधली के आरोप लगे थे, जिसकी जांच लोकायुक्त के द्वारा जांच की गई. आरोप सही पाए गए थे. आरोपों के खिलाफ सभी पार्षदों ने संभागायुक्त के यहां अपील की थी जिसका अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है.

नगर निगम की गौशालाओं के रिकॉर्ड की जांच करेंगे, जो भी दोषी होगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.
**- मानसिंह चौधरी, टीआई, जहांगीराबाद**



# एटीएम मशीन काटने वाले पांच डकैत हुए गिरफ्तार

**अपराध से पहले पुलिस ने की साजिश नाकाम**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 17 जनवरी. कोहेफिजा थाना पुलिस ने एटीएम मशीन काटकर डकैती करने वाले अन्तराज्यीय गैंग का को पर्दाफाश किया. पुलिस की गिरफ्त में पांच डकैत इससे पहले भी प्रदेश के नीमच जिले के अलावा अन्य 4 राज्यों में वारदात कर चुके है.**

आरोपी एटीएम की मशीनों को काटकर उसमें रखे नोट चोरी करते थे. इन डकैतों के पास से मिले हथियारों को भी जब्त कर लिया गया है. पुलिस रिमांड में लेकर सभी से पूछताछ की जा रही है. कमिश्नर कार्यालय में शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस उपायुक्त जोन-3 अभिनव चौकसे ने शनिवार को बताया कि लालघाटी चौराहे के पास सुनियोजित तरीके से आरोपीगण घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे. इससे पहले आरोपी अपने मंसूबे में सफल होते पुलिस की उन पर नजर पर और शहर में बड़े अपराध के पहले सभी को गिरफ्तार कर लिया गया. उन्होंने बताया कि आरोपी एटीएम मशीन के पास लगे सीसीटीवी कैमरों को कवर कर लेते थे. इसके बाद वह अपने काम को पूरा करने में जुट जाते थे. आरोपियों के पास खतरनाक हथियार भी होते थे, जिसका इस्तेमाल वह किसी से खतरा होने की स्थिति में उपयोग करने के लिए वह रखते थे.

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-3 शालिनी दीक्षित ने बताया कि आरोपी जिस कार में सवार होकर भोपाल आए थे. उस कार से सिलेंडर, 2 पाइप, एक लोहे का हुक आदि जब्त किए हैं.

सहायक पुलिस आयुक्त शाहंजानाबाद अनिल वाजपेई ने बताया कि आरोपी हरियाणा और राजस्थान के रहने वाले हैं. शाहबुद्दीन नाम का आरोपी गैंग का मास्टर माइंड है. उसके साथ ही शौकुल, वकील, मौसम और नसीम नाम के आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है. थाना प्रभारी कोहेफिजा कृष्ण गोपाल शुक्ला ने बताया कि अबतक की पूछताछ में आरोपियों ने लालघाटी क्षेत्र में एटीएम में डकैती डालने के इरादे से भोपाल आने का खुलासा किया है.

## एक नजर में

### युवती से छेड़छाड़ के आरोपी की तलाश जारी

**भोपाल.** कोहेफिजा थाना इलाके में एक युवती के साथ अश्लील हरकते करने का मामला सामने आया है. पीड़िता ने एक ऑटो के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. 20 वर्षीय पीड़िता एक दुकान में काम करती है. गुरुवार की रात जब वह अपने घर के लिए लौट रही थी, रोज की तरह ही उसने लालघाटी जाने के लिए एक ऑटो लिया. सफर के दौरान पीड़िता अकेली थी, इसका फायदा उठाते हुए आटो चालक ने अश्लील हरकतें शुरू कर दी. चलते आटो से कूद कर पीड़िता ने खुद को सुरक्षित किया था.

### मवेशी के मिले अवशेष पुलिस से कार्रवाई की मांग

**भोपाल.** नारियलखेड़ा में मवेशी के अवशेष मिलने पर हिंदू संगठनों ने शनिवार को नाराजगी जाहिर की. गौतम नगर थाना पुलिस से तत्काल आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की गई. मामले त्वरित कार्रवाई हो इसके लेकर लोगों ने थाने के बाहर प्रदर्शन भी किया. गोलघर मैदान के पास मवेशी की कटी गर्दन के साथ अन्य अवशेष देखे गए. इस पर मौजूद लोगों ने नाराजगी जाहिर की. लोगों ने अवशेषों की अर्थी निकाली और थाने पहुंचे. मामले में पुलिस कार्रवाई करने की मांग को लेकर करीब 2 घंटे तक प्रदर्शन किया गया. थाना पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना करते हुए जांच शुरू कर दी है.

### एसिड पीकर चांदबाड़ी निवासी युवक ने दी जान

**भोपाल.** छोला मंदिर थाना इलाके में एक युवक की एसिड पीने से शनिवार को मौत हो गई. युवक के आत्महत्या करने के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. राहुल जाटव (35) निवासी चांदबाड़ी गरीब नगर का रहवासी था. राहुल ने 15 जनवरी को एसिड पी लिया था, जिससे उसकी तबीयत बहुत खराब हो गई. परिजन उसे तुरंत लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई. राहुल के इस कदम को लेकर परिजनों की तरफ से पुलिस को बताया गया है कि राहुल का एक युवती से अफेयर था.

# बीमा क्लेम पर कोर्ट का बड़ा फैसला

**9 प्रतिशत ब्याज और 8000 की मानसिक क्षतिपूर्ति देगी कंपनी**

**भोपाल। जिला उपभोक्ता आयोग भोपाल ने स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के अड़ियल रवैये पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।**

आयोग ने स्पष्ट किया है कि बीमा कंपनियां केवल तकनीकी बारीकियों या अस्पताल के रिकॉर्ड में लिखावट जैसी छोटी विसंगतियों का बहाना बनाकर क्लेम खारिज नहीं कर सकतीं। आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी पर जुर्माना लगाते हुए पीड़ित को इलाज की राशि ब्याज समेत लौटाने का आदेश दिया है।

भोपाल के गोविंदपुरा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी आरती के अपेंडिक्स के इलाज के लिए निजी अस्पताल में 38,634 रुपए खर्च किए थे। जब उन्होंने बीमा कंपनी से क्लैम मांगा, तो कंपनी ने यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया कि अस्पताल द्वारा भेजे गए टीपीआर चार्ट (तापमान, नाड़ी, रक्तचाप और श्वसन दर) की लिखावट में विसंगतियां हैं। कंपनी ने इसे संदिग्ध मानकर भुगतान से इनकार कर दिया था।

उपभोक्ता ने 4 जनवरी 2024 को आयोग की शरण ली। मामले की सुनवाई करते हुए आयोग ने कहा कि बीमा कंपनी का यह कदम सेवा में कमी है।

# राजू ईरानी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**2017 से था फरार**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 17 जनवरी. बदमाश राजू ईरानी को जिला कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में शनिवार को भेज दिया. निशातपुरा थाना पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया. राजू ईरानी के मामले में पुलिस को 6 दिन की रिमांड दी गई थी.**

पुलिस रिमांड के दौरान बदमाश राजू अपने खराब स्वास्थ्य का भी लगातार हवाला देता रहा. इसके चलते पुलिस उससे बहुत खास जानकारी भी नहीं जुटा सकी. बदमाश को चार मामलों में निशातपुरा थाना पुलिस ने आरोपी बनाया था. उसे सूरत से लेकर पुलिस 11 जनवरी को भोपाल पहुंची थी.



**7 राज्यों की पुलिस कर रही थी तलाश**

बता दें कि राजू ईरानी साल 2017 से फरार चल रहा था. उसे 7 राज्यों की पुलिस तलाश कर रही थी. गुजरात में उसकी लोकेशन मिलने पर सूरत पुलिस ने गिरफ्तार किया. राजू ईरानी का नाम लूट, धमकी सहित अन्य आपराधिक साजिशों से जुड़ा है. उसके गैंग का नेटवर्क मप्र के साथ ही देश के अन्य राज्यों गुजरात, यूपी, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित राज्यों में फैला है. राजू की गिरफ्तारी को लेकर भोपाल पुलिस लगातार कोशिश में जुटी थी, जिसे गुजरात पुलिस ने दबोचा और भोपाल पुलिस के हवाले किया.

# अबान शकील की सदस्यता बर्खास्त

## भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ने लिया फैसला

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 17 जनवरी. ड्रग तस्करी के मामले में लिप्त सेंट माइकल स्कूल और सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के मालिक अबान शकील की संभाग क्रिकेट संघ ने सदस्य बर्खास्त कर दी है.**

भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने इस पर बड़ा फैसला लिया है, उसे संभाग क्रिकेट संघ के आजीवन सदस्य अबान शकील की मादक पदार्थों के सेवन, तस्करी व विक्रय करने के आरोपों में गिरफ्तारी के



चलते बर्खास्त किया है. अबान के खिलाफ भोपाल में भी जांच कमेटी बनाई जा रही है.

क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने बताया कि बर्खास्तगी की वजह यह बताई गई है कि अबान के काम से भोपाल संभाग क्रिकेट संघ की छवि धूमिल हुई है. मामले को संज्ञान में लेते हुए अबान शकील को क्रिकेट संघ की आजीवन सदस्यता से बर्खास्त किया है. अबान पर आरोप है कि वह पिछले दो सालों से क्रिकेट अकादमी का आड़ में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था. आरोपी को इंदौरा पुलिस ने रंगेहाथों गिरफ्तार किया है. अबान पर एक साल पूर्व अकादमी के एक छात्र को बुरी तरह से पिटाने का भी आरोप है. आरोपी के खिलाफ जांच की जा रही है.

### बदहाल सड़कों के कारण वाहन चालक परेशान

**भोपाल.** शहर के वीआईपी क्षेत्र ईदगाह हिल्स में सड़कें गड्डे में तब्दील हो गई हैं, जिसके चलते वहां पर आम जनता को निकलने में परेशानी हो रही है. वहीं दो पहिया वाहन चालकों को दुर्घटना की संभावना बनी हुई है. नगर निगम के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार ईदगाह हिल्स क्षेत्र की सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है. इस क्षेत्र की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हैं. रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले दो व चार पहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरसात के बाद हालात और बिगड़ गए हैं.

# केकेसी के भोपाल जिला अध्यक्ष बने महेश

**परिवारजनों और रिश्तेदारों ने दी बधाई**

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 17 जनवरी. अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के भोपाल जिला अध्यक्ष के रूप में महेश नंदमेहर की नियुक्ति की गई है. यह नियुक्ति असंगठित कामगारों के हित में उनके निरंतर संघर्ष, संगठन के प्रति निष्ठा एवं समर्पित कार्यों को देखते हुए की गई है.**

पार्टी नेताओं ने कहा कि नंदमेहर की प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति निष्ठा ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के अधिकारों एवं कल्याण से जुड़े आंदोलन को मजबूती प्रदान की है.

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भोपाल जिले में केकेसी का संगठनात्मक आधार और गतिविधियां और अधिक सशक्त होंगी. यह नियुक्ति केकेसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज के नेतृत्व में की गई, जिसके लिए कांग्रेसजनों ने उनका हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया. जिले भर के कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नंदमेहर को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि वे नई ऊर्जा के साथ कामगारों के अधिकारों की रक्षा करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेंगे.





**सड़क पर अंधेरा कायम**

मैदा मिल से मेट्रो स्टेशन जाने वाले मार्ग पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी होने से देर रात को अंधेरा पसरा होता है. इसके चलते रात में आवागमन करने वाले राहगीरों को हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

# मेट्रो के सफर के लिए टिकट लेने की झंझट होगी खत्म

**जल्द स्मार्ट कार्ड के जरिए कर सकेंगे सफर**

**भोपाल। नागरिकों के लिए मेट्रो का सफर अब और भी आधुनिक और सुगम होने जा रहा है। ऑरेंज लाइन प्रायोरिटी कारिडोर के मेट्रो स्टेशन पर आटोमेटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) सिस्टम इंस्टाल करने का काम शुरू हो चुका है।**

इस प्रणाली के लागू होने से यात्रियों को टिकट काउंटर पर लाइन लगने की जरूरत नहीं होगी, जिससे समय की बचत और यात्रा का अनुभव बेहतर होगा। ज्ञात हो कि इस सिस्टम को इंस्टाल करने के लिए पहले तुर्किये की एक कंपनी को टेंडर दिया था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद वह समझौता रद्द होने के बाद से यह सिस्टम इंस्टाल नहीं हो पाए थे। अब दिल्ली मेट्रो की तकनीकी और परिचालन भागीदारी से इस प्रोजेक्ट को नई गति मिली है।



दिल्ली मेट्रो के विशेषज्ञों की निगरानी में मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और दिल्ली मेट्रो के बीच हुए एमओयू के तहत, दिल्ली मेट्रो के अनुभवी इंजीनियर भोपाल मेट्रो के लिए इस एडवांस सिस्टम को स्थापित कर रहे हैं। वर्तमान में यह काम सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन पर चल रहा है। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार आरेंज लाइन के आठ मेट्रो स्टेशनों पर इस सिस्टम को इंस्टाल व टेस्ट करने में लगभग दो महीने का समय लगेगा।

**विरोध** | कांग्रेस विधायक के विवादित बयान पर जताया आक्रोश

# भाजपा महिला मोर्चा ने बरैया का पुतला फूका

**भोपाल, 17 जनवरी. भाजपा के भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति के नेतृत्व में शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस विधायक के विवादित बयान पर आक्रोश जाहिर किया.**

भोपाल की कार्यकर्ताओं ने बोर्ड ऑफिस चौराहा पर कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं के प्रति दिए गए दुष्पित, अपमानजनक और निंदनीय बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया. महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी एवं कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया से तत्काल



सार्वजनिक माफी और कांग्रेस पार्टी से निष्कासन की मांग की.

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना जाचक ने कहा कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का बयान किसी एक व्यक्ति की सोच नहीं, बल्कि कांग्रेस की उस विकृत मानसिकता का प्रतिबिंब है, जो महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखती. उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वाभिमान और गरिमा से खिलवाड़ करने वालों को समाज और राजनीति दोनों स्तरों पर कठोर जवाब मिलना चाहिए. भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सरिता देशपांडे ने कहा कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का बयान महिलाओं के खिलाफ इस तरह की भाषा लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना का सीधा अपमान है. कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी यह साबित करती है कि वह इस सोच को मौन समर्थन दे रहा है, जो अत्यंत शर्मनाक है.

प्रदर्शन के दौरान सीमा सक्सेना, शक्ति दुबे, वंदना परिहार, रुक्मणि मालवीय, बृजुला सचान, नमिता देशवाली, सुदर्शना, प्रियंका मिश्रा, सुषमा मिश्रा, आरती अनेजा, तरुणा सिंह चौहान, कामाक्षी विश्वकर्मा, सुषमा चौहान, सुषमा साहू, साधना यादव, सुषमा कुलश्रेष्ठ सहित भोपाल जिले की बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने फूल सिंह बरैया का विरोध कर पुतला दहन किया.

# एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं के एडमिट कार्ड जारी

**भोपाल। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने राज्य के लाखों छात्र-छात्राओं का इंतजार खत्म करते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए प्रवेश पत्र आधिकारिक तौर पर जारी कर दिए हैं।**

परीक्षा में शामिल होने वाले 16.60 लाख से अधिक विद्यार्थी अब एमपी ऑनलाइन के पोर्टल पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। छात्रों की सुविधा के लिए मंडल ने प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया को बेहद सरल रखा है।

**परीक्षा का शेड्यूल**

एमपी बोर्ड की मुख्य परीक्षाएं 12 फरवरी 2026 से प्रदेशभर के विभिन्न केंद्रों पर शुरू होने जा रही हैं। कक्षा 10वीं: हाईस्कूल की परीक्षा का आगाज उर्दू विषय के साथ होगा, जबकि 06 मार्च को हिंदी के पेपर के साथ परीक्षा का समापन होगा। कक्षा 12वीं: हायर सेकेंडरी की पहली परीक्षा भौतिकी और अर्थशास्त्र जैसे प्रमुख विषयों की होगी। इंटरमीडिएट की अंतिम परीक्षा 07 मार्च को हिंदी विषय की आयोजित की जाएगी। इस साल मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों की संख्या में भारी उत्साह देखा जा रहा है. मंडल ने स्पष्ट किया है कि छात्र अपने एडमिट कार्ड पर दिए गए विवरण जैसे स्वयं का नाम, परीक्षा केंद्र का पता, विषयों के कोड और फोटो की अच्छे से जांच कर लें। यदि कोई विसंगति मिलती है, तो तुरंत अपने संबंधित स्कूल या मंडल कार्यालय से संपर्क करें। बिना वैध एडमिट कार्ड के परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**विद्यार्थी इन स्टेप्स का पालन कर सकते हैं**

सबसे पहले mpbse.mponline.gov.in पर जाएं।
होमपेज पर मौजूद 'Examination' टैब पर क्लिक करें।
इसके बाद 'Main E&am Admit Card के विकल्प को चुनें।
अपना रोल नंबर (आवेदन क्रमांक) और स्क्रीन पर दिख रहा कैप्चा कोड दर्ज करें। सबमिट करते ही एडमिट कार्ड स्क्रीन पर आ जाएगा। इसे डाउनलोड करें और भविष्य के लिए एक प्रिंट आउट सुरक्षित रख लें।